हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 8 जुलाई 2024
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 26. 0 डिग्री

4 जय जगन्नाथ के जयकारे के साथ निकली रथ यात्रा



## खबर संक्षेप

### विद्युत दर में हुई बेतहाशा वृद्धि के विरोध में कांग्रेस का धरना आज

**जांजगीर-चांपा।** विद्युत दर में हुई बेतहाशा वृद्धि एवं बार-बार हो रही अघोषित विद्युत कटौती को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा सोमवार 8 जुलाई को नगर एवं ब्लॉक मुख्यालय में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिला कांग्रेस कमेटी जांजगीर-चांपा के कार्यकारी जिला अध्यक्ष रमेश पैगवार ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी दिया है कि राज्य भाजपा सरकार के गलत नीतियों के चलते राज्य में विद्युत आपूर्ति सर प्लस होने के बावजूद विद्युत दर में बेतहाशा वृद्धि की गई है तथा बार-बार हो रही अघोषित विद्युत कटौती को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर 8 जुलाई सोमवार को नगर एवं ब्लॉक मुख्यालय में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संयोजकत्व में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम पश्चात विद्युत दर में कमी करने एवं अघोषित विद्युत कटौती बंद करने के लिए मुख्यमंत्री के नाम स्थानीय अनविभागीय अधिकारी अथवा तहसीलदार को ज्ञापन भी सौंपा जाएगा।

### जाटा में युवाओं द्वारा किया गया सिड बाल का रोपण

**जांजगीर-चांपा।** बलौदा विकासखंड के ग्राम पंचायत जाट में बरसात के मौसम के दौरान गांव के युवक द्वारा सी बाल का रोपण किया गया, जिससे आने वाले दिनों में लोगों को लाभ भी मिलेगा। रोपण कार्यक्रम के दौरान दीपक कर्ष, सुनील कश्यप, ऋषिकेश, पुष्पेंद्र कश्यप सहित अन्य लोक कार्यक्रम में शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि इन युवाओं की टीम द्वारा फलदार एवं छायादार पौधों का भी रोपण किया गया है, जिनमें बरगद, पीपल, जामुन, नींबू संतरा, केला सहित कई तरह के छायादार फल भी शामिल हैं।

### अमृतकाल विजन डाक्यूमेंट तैयार करने सुझाव आमंत्रित

**सक्ती।** वर्ष 2047 तक भारत वर्ष को एक विकसित राष्ट्र बनाने हेतु की गई परिकल्पना को साकार करने के केंद्र शासन के लक्ष्य के अनुरूप छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अमृतकालः छत्तीसगढ़ विजन 2047 संबंधित विजन डाक्यूमेंट तैयार करने के लिए राज्य नीति आयोग द्वारा कार्यवाही प्रारंभ कर दी गयी है। इस दृष्टिकोण से राज्य के विभिन्न शासकीय विभागों के साथ-साथ आम जनता के स्टेक होल्डरर्स जैसे कि शिक्षाविदों, व्यवसायिक संगठनो के प्रमुख पदाधिकारियो, प्रबुद्धजनों समाज प्रमुखों, चिकित्सको, अभियंता समूहों, बार कौसिल के स्थानीय सगठनों, विभिन्न समाजसेवियों, पर्यावरण विदों, एनजीओ के सचालकों, महाविद्यालयों के छात्रों एवं आम जनता से छत्तीसगढ़ के आगामी 5 (लघु अवधि), 10 (मध्यम अवधि) एव. 15 (दीर्घ अवधि) के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क एवं पुल निर्माण, रेलवे के विस्तार, उद्योग एवं व्यापार, वन विकास, परिवहन एवं यातायात सुविधाओं के विस्तार, बेहतर आवास योजना, पेयजल सुविधाओं के विस्तार, कृषि सुविधाओं के विस्तार, कृषि एवं सह उत्पादकों के विक्रय सुविधा, सिंचाई के लिए नये बांधो एवं नहरों के निर्माण समाज कल्याण के संबंध में नीति आयोग को अपना सुझाव ऑनलाईन भेज सकते है।

### पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन 31 तक

**जांजगीर-चांपा।** भारत सरकार महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चों को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित करने हेतु प्रत्येक वर्ष प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार आयोजित करती है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि 31 जुलाई की स्थिति में 5 वर्ष से अधिक एवं 18 वर्ष से कम भारतीय निवासी जो भारत में रहता हो जिन्होंने बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण कला, संस्कृति एवं नवाचार के क्षेत्रों में असाधारण योगदान दिया है।

---

मरीजों के साथ परिजनों को हो रही परेशानी

# बरसात का मौसम लगते ही जिला अस्पताल मरीजों से हुआ ठसाठस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बरसात का मौसम प्रारंभ होते ही जिला अस्पताल का बेड मरीजों से ठसाठस भरने लगा है। स्थिति यह है कि स्ट्रेचर पर ही रखकर मरीजों का उपचार किया जा रहा है। वहीं व्यवस्था के तहत पहले 100 बिस्तर में मरीजो का उपचार किया जाता था। वर्तमान में मरीजों की संख्या बढ़ने से डॉक्टरों के साथ मरीज एवं उनके परिजनो को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि जांजगीर जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल ठाकुर छेदीलाल जिला चिकित्सालय में प्रतिदिन औसतन 350 मरीज इलाज कराने के लिए पहुंचते है। इन दिनो बरसात का मौसम चल रहा है। वहीं मौसमी बीमारी से प्रभावित भी मरीज बढ़ रहे है। जिनमें बुखार, उल्टी दस्त, पीलिया, सर्दी जुकाम, मलेरिया, टायफाइड सहित अन्य तरह के बीमारियो से प्रभावित मरीज बढ रहे है। इसे देखते हुए 100 बेड के जिला अस्पताल में व्यवस्था को बनाकर आगे रखते हुए 160 बिस्तर की व्यवस्था बनाई गई है। इन सबके बावजूद आज भी जिले के सबसे बडे सरकारी अस्पताल में बेड फुल होने की वजह से कई मरीजो का उपचार स्ट्रेचर में करने की मजबुरी बनी हुई है। राज्य शासन के स्वास्थय एवं परिवार कल्याण विभाग के द्वारा स्वास्थय व्यवस्था बेहतर ढंग से बना रहे इस बात को ध्यान में रखकर करोड़ो रूपए खर्च कर दिए जा रहे है। इसके बावजूद आज भी जिले के सबसे बडे सरकारी अस्पताल में मरीजो का उपचार समुचित ढंग से नही हो पाता। जिला अस्पताल में ना केवल जांजगीर बल्की नवागढ, पामगढ, बम्हनीडीह, बलौदा एवं अकलतरा क्षेत्र से मरीज बड़ी संख्या में उपचार कराने के लिए पहुंचते है।



ओपीडी में उपचार कराने लगी मरीजों की कतार।



अस्पताल में भर्ती मरीज।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बना रेफर सेंटर

कहने को तो जांजगीर चाम्पा जिले के अंतर्गत 5 सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र आते है। इन केन्द्रों में डाक्टरों से लेकर कंम्पाऊंडर एवं स्टाफ नर्स की नियुक्त राज्य शासन के स्वास्थय विभाग के माध्यम की गई है ताकि दुरस्त अंचल में रहने वाले लोग जब अस्पताल पहुंचे तो समय पर उनका उपचार किया जा सके। लेकिन जिले के सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र महज रेफर सेंटर बनकर रह गया है। जिसके चलते मरीजों को मजबुरन निजी अस्पतालो के माध्यम से उपचार कराने की मजबुरी बनी रहती है।

### किया गया निर्देशित

मौसम का असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ता है जिसके कारण जिला अस्पताल में मरीज बढ़ रहे है। लोगों के बेहतर उपचार को लेकर डाक्टरों को निर्देशित किया गया है। सीएससी में मरीजो का उपचार किया जाता है।

-डॉ. स्वाती वंदना सिसोदिया
सीएमएचओ, जांजगीर-चांपा

---

# पौने चार लाख के सामान के साथ पांच आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

» सिटी कोतवाली पुलिस एवं सायबर सेल ने की संयुक्त कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सूने मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात एवं नगदी सहित पौने चार लाख का माल पार करने वाले पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी बिलासपुर जिले के बताए जा रहे है। वहीं उनके कब्जे से सोने-चांदी के जेवरात व नगदी एंव स्कूटी बरामद किया है। घटना सिटी कोतवाली जांजगीर का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 2 अप्रैल को प्रार्थी संजीव साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 28 से 30 मार्च के मध्य रात्रि उसके जांजगीर स्थित सूने मकान से कोई अज्ञात चोर घर का ताला तोड़कर घर अंदर रखे अलमारी के ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवर को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। इसी तरह 10 अप्रैल को प्रार्थी एकनाथ कर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 10 अप्रैल की दरम्यानी रात में प्रार्थी के सूने मकान से कोई अज्ञात चोर अलमारी का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवर को चोरी कर ले गया है। इसी प्रकार 30 जून को प्रार्थिया बिन्दुलता यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 29-30 जून की दरमियानी रात अज्ञात चोर के द्वारा उसके सुने मकान से सोने चांदी के जेवर को चोरी कर ले गया है। उक्त रिपोर्ट पर थाना जांजगीर में अपराध कायम कर विवेचना किया गया। जिले में लगातार सूने मकानों से हो रहे चोरियों की घटना को गंभीरता से लेते हुये अज्ञात चोर एंव चोरी गये समान का पता लगाने पुलिस अधीक्षक एसपी विवेक शुक्ला के निर्देशन में हर संभव प्रयास किया जा रहा था। इसी क्रम में आरोपियों की पता तलास हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार जायसवाल के मार्गदर्शन में घटना स्थल के आस पास के लगे साक्ष्यों की संकलन एवं साक्ष्यों की मदद से तलाश की जा रही थी। घटना दिनांक को एक स्कूटी को बिलासपुर की तरफ से आना और जाने की कड़ी मिलने तथा सायबर साक्ष्यों के मद्देनजर सायबर टीम एवं थाना जांजगीर पुलिस संयुक्त रूप से बिलासपुर गया। यहां तीन दिनों तक मेहनत करने के उपरांत आखिरकार चोरी करने वाले आरोपी हर्ष कुकरेजा निवासी बिलासपुर तथा ओम सिंह उर्फ सोनू उर्फ वीर निवासी बिलासपुर को हिरासत में लेकर थाना जांजगीर क्षेत्र में हो रहे चोरी के संबध में पुछताछ करने पर अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी की घटना घटित करने के संबध में अपराध करना स्वीकार किया। चोरी किये गये सोने चांदी के आभूषणों को आरोपी हसन मलिक पिता मुबारक मलिक उम्र 35 वर्ष निवासी भारत चौक तालापारा को विक्रय करना तथा हसन मलिक के द्वारा प्राप्त जेवरात को गलाकर नये जेवर निर्माण कर तथा कुछ सोने के बदले चांदी खरीदकर व्यापार में संलिप्त था एंव कुछ जेवरातों को आरोपीगणो के द्वारा आरोपी शेख दिलबर पिता शेख जाकिर उम्र 27 वर्ष निवासी तालापारा बिलासपुर को बिक्री करने हेतु दिया गया। उपरोक्त सोने को गलाकर शहर के समीर जगदाले निवासी गोड़पारा लक्ष्मी स्पोटर्स के पास गली थाना कोतवाली बिलासपुर को दिया गया जो सोने को टंच करने का कार्य करता है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी, सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक पारस पटेल, सत्यम चौहान, राम प्रसाद बघेल, राज कुमार चन्द्रा, मनोज तिग्गा, विवेक सिंह, गिरिश कश्यप, अर्जुन सिंह, ईश्वरी राठौर, शहबाज खान एवं अन्य स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।



पुलिस के साथ गिरफ्तार आरोपी।

---

# खड़े हाइवा से स्कूटी टकराई युवक की मौके पर हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सड़क किनारे खड़ी हाईवा में पीछे से स्कूटी सवार युवक टकरा गया, जिससे मौके पर उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि युवक यूक्रेन से एमबीबीएस की पढ़ाई कर कोरबा जिले के 100 बेड में इंटरशिप कर रहा था। घटना एनएच-49 पर अफरीद व हथनेवरा के बीच की है।

इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार चंद्रभान लाठिया उम्र 33 वर्ष 6 जुलाई की रात्रि ग्राम अफरीद में अपने रिश्तेदार के यहां शादी में गया हुआ था। वह रात्रि में ही वापस जांजगीर आने के लिए निकाला। वह नेशनल हाईवे 49 में पहुंचा था की सड़क किनारे खड़ी हाईवा वाहन की पीछे उसकी स्कूटी जा टकराई। इस घटना में स्कूटी के परखच्चे उड़ गए और युवक स्कूटी से 20 मीटर दूर सड़क के बीच मुंह के बल जा गिरा, जिससे युवक के चेहरा, सिर, सीने और अन्य जगहों में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही दम तोड़ दिया। सारागांव पुलिस को घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

रविवार 7 जुलाई की सुबह शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों ने हाईवा चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया की सड़क किनारे खड़ी कर कोई भी साइड लाइट नहीं जलाया गया था जिससे यह हादसा हुआ है पुलिस ने वाहन को जब्त किया है। परिजनों ने बताया की युवक चंद्रभान लाठिया यूक्रेन से अपनी एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की थी और कोरबा जिले के 100 बेड अस्पताल में अपना इंटरशिप कर रहा था। 30 जून को ही इंटरशिप खत्म किया और 8 जुलाई को मेडिकल की लायसेंस के लिए उसे रायपुर जाना था।

### यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 53 वाहन चालकों पर कार्रवाई

**जांजगीर-चांपा।** यातायात पुलिसद्वारा जिले में सड़क दुर्घटना में कमी लाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध लगातार मोटर अधिनियम के तहत कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम में 6 जुलाई को विभिन्न धाराओं के तहत 53 वाहन चालकों पर कार्यवाही की गई, जिसमें वाहनों में नम्बर प्लेट अस्पष्ट होना, मोटर सायकल में तीन सवारी, वाहन में रिफ्लेक्टर ग्लास नही होना, पार्किंग लाईन का नही होना, बिना हेलमेट पहनकर वाहन चलाना, शराब पीकर वाहन चलाना एवं अलग-अलग धाराओं के तहत वाहन चालकों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही किया गया है। उनसे 32 हजार 400 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। यातायात पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने एवं शराब पीकर वाहन नही चलाने के संबंध में समझाईस दी जा रही है।

---

# पोखर में तब्दील हुआ ग्राम कुरदा का मुख्य मार्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

ग्राम पंचायत कुरदा के जनपद प्राथमिक शाला, बाजार चौक गांव के मुख्य प्रवेश द्वार से माता चौरा मंदिर तक सीसी रोड़ की हालत बहुत ही खराब हो गई हैं। सड़क में जगह-जगह बड़े बड़े गड्ढे बन जाने से आवागमन में लोगों को परेशानी हो रही है।

#### खास बात

- घुटने से ऊपर तक कपड़ा उठाकर खाली पैर सभल-सभल कर चल रहें हैं ग्रामीण

जनपद पंचायत बलौदा अंतर्गत ग्राम पंचायत कुरदा के जनपद प्राथमिक शाला, बाजार चौक गांव के मुख्य प्रवेश द्वार से माता चौरा मंदिर तक सीसी रोड़ की हालत बहुत ही खराब हो गई हैं। सड़क में जगह-जगह बड़े बड़े गड्ढे बन गए हैं जिससे लोगों को आवागमन करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। रोड़ की हालत इतनी खराब हो चुकी हैं की कच्ची रास्ते से भी बददत्तर हैं। सड़क के ऊपर बने बड़े बड़े गढ्ढे में भरे बारिश का पानी और भारी कीचड़ के चलते रोड़ पर लोगों का चलना बहुत ही मुश्किल हो गया है उबड़ खाबड़ सीसी रोड़ में चलने से लोगो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। ग्राम का मुख्य मार्ग पहुंच मार्ग होने से इस रास्ते में लोगों का आवागमन निरंतर बनी रहती हैं। ग्रामीणों द्वारा जनपद प्राथमिक शाला बाजार चौक गांव के मुख्य प्रवेश द्वार से माता चौरा मंदिर तक सीसी रोड़ निर्माण एवं नाली निर्माण कराने की मांग शासन प्रशासन से वर्षो से की जा रही हैं। कई बार शासन प्रशासन को इस जन समस्या का निवारण हेतु आवेदन दिया जा चुका हैं, लेकिन सीसी रोड़ और नाली की समस्या ग्राम कुरदा में आज भी बनी हुई हैं। शासन प्रशासन द्वारा इस जन समस्या ओ की ओर ध्यान नहीं देने से ग्राम के आम जनता में काफी रोष व्याप्त है। गांव में रोड, नाली जैसे बुनियादी समस्याओं की ओर ग्राम पंचायत एवं शासन प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा हैं, जिससे रोड़ एवं नाली की बुनियादी समस्याएं व्याप्त हैं। ग्राम पंचायत कुरदा के सभी वार्डों और मोहल्लों में नालियों के अभाव के कारण कीचड़ की समस्या बनी हुई हैं, सी सी रोड़ के ऊपर बने बड़े बड़े गढ्ढे दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रहा हैं।



मार्ग में बना पोखरनुमा गड्ढा से होकर गुजरता वाहन।

---

फिर भी लापरवाही पूर्वक वाहन का परिचालन करते है लोग

# साढ़े छह साल के भीतर सड़क हादसों में एक हजार की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

साढ़े छह साल के भीतर सड़क हादसों के 2 हजार 337 मामले सामने आ चुके है। इनमें से दुर्घटना के दौरान 2 हजार 22 लोग घायल हुए है। वहीं इस बीच 1 हजार 21 लोगों की मौत सड़क हादसों में हुई है। इन सब के बावजूद कई वाहन चालक नियमों को ताक पर रखकर गाड़ी चलाते नजर आते है।

गौरतलब है कि पुलिस एवं यातायात जवानो के द्वारा सड़क सूरक्षा सप्ताह के दौरान लोगों को सड़को पर चलते समय सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। वहीं वाहन का परिचालन सावधानी पूर्वक कहा जाता है। इनके बावजूद सड़क हादसो में कही कोई कमी नजर आता दिखाई नही पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार साढे छह साल के भीतर सड़क हादसो के 2 हजार 337 मामले सामने आ चुके है। इन हादसों के दौरान 2 हजार 22 लोग सडक दुर्घटना में घायल हुए है। वहीं 1 हजार 21 लोगों की मौत भी हुई है, लेकिन इसके बाद भी लोगों की लापरवाही कम नही हो रही है। आज भी लोग सड़को पर चलते समय कई लोग लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते नजर आते है। आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो वर्ष 2019 में सड़क हादसो के 456 मामले सामने आए थे। इस दौरान हादसों में 399 लोग घायल हुए वहीं 201 लोगों की मौत भी हुई। इसी प्रकार वर्ष 2020 में सड़क हादसो के 380 मामले सामने आऐ जिनमें हादसो के दौरान 324 लोग घायल हुए वही सड़क हादसों में 152 लोगो की मौत भी हुई। वर्ष 2021 के सड़क दुर्घटना के आंकडो पर नजर डाली जाए तो इस दौरान हादसो के 348 मामले सामने आए जिनमें दुर्घटना के दौरान 324 लोग घायल हुए जबकि सड़क दुर्घटना में 176 लोग काल के गाल में समा गए। वर्ष 2022 में सड़क दुर्घटना के 470 मामले सामने आए। हादसों के दौरान 423 लोग घायल हुए वही 211 लोगो की मौत सड़क दुर्घटना में हुई। वर्ष 2023 में सड़क दुर्घटना के 458 मामले सामने आए इस बीच हादसो में 398 लोग घायल हुए इनमें घटना के दौरान 184 लोगो की मौत भी हो चुकी है। वहीं वर्ष जनवरी 2024 के आंकडो पर गौर करे तो जनवरी से जुलाई माह तक की स्थिति में सड़क दुर्घटना के 225 मामले सामने आए इस दौरान 195 लोग हादसो के शिकार भी हुए इनमें करीब 97 लोगों की मौत का मामला सामने आया है।



सड़क दुर्घटना में क्षतिग्रस्त वाहन।

### ग्राहक बनकर ज्वेलरी शॉप में चोरी करने वाली दो महिला गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** नगर पंचायत बलौदा के ज्वेलर्स दुकान में ग्राहक बन कर चोरी करने वाली दो महिला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। साथ हीउनके कब्जेसे चोरी किए हुये एक जोड़ी पायल, चार जोड़ी बिछिया जब्त किया गया है। प्रार्थी महादेव माली निवासी बलौदा सोनार पारा के ज्वेलर दुकान में 7 जुलाई के लगभग 11:30 बजे दो महिलाये ज्वेलरी खरीदने आई थी। वे चांदी के पायल, बिछिया देखने लगी देखने के पश्चात पसंद नहीं आया बोल कर वापस जा रही थी तभी प्रार्थी को शक हुआ तो वह अपना दिखाये हुए पायल, बिछिया को चेक किया तो कुछ पागल बिछिया कम लगा तो दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा को चेक किया तो दोनो महिलायो के द्वारा 01 नग चांदी का पागल, 04 जोडी चांदी का बिछिया चोरी कर अपने पास रख रखा था। पुलिस ने दोनों महिलाओं को गिरफ्तार किया है। जब्त जेवरात की कीमत 13 हजार बताई जा रही है।



## खबर संक्षेप

### धरमजयगढ़ लौटे हाथी ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

**कोरबा।** वन मंडल कोरबा के कोरबा रेंज में घूम रहे 10 हाथियों का झुंड वापस धरमजयगढ़ वन मंडल लौट गए हैं। इससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है लेकिन वन अमले को इसकी भनक नहीं लगी। दूसरी ओर अभी भी कुदमुरा रेंज में 13 हाथियों का झुंड घूम रहा है, इससे ग्रामीण भी डरे हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हाथी भोजन की तलाश में रात के समय निकलते हैं। इस वजह से भी डर बना रहता है। हाथी कभी भी चावल खाने मकान को तोड़ देते हैं। कटघोरा वन मंडल में भी 48 हाथी अलग-अलग झुंड में घूम रहे हैं। केंदई रेंज के कापा नवापारा में 15 हाथियों का झुंड है। हाथी अभी गांव के आसपास नहीं जा रहे हैं। अधिकांश समय जंगल में ही घूम रहे हैं। रेंजर अभिषेक दुबे ने बताया कि हाथियों की निगरानी के लिए टीम लगी हुई है, हाथी अभी शांत है।

### सड़क हादसों में कमी लाने ब्लैक स्पॉट में लगाए जा रहे रेडियम

**कोरबा।** नेशनल हाइवे 130बी पर लगातार हो रहे हादसों का अध्ययन करने के साथ प्रशासन यातायात पुलिस और परिवहन विभाग ने मिलकर कुछ महीने पहले ब्लैक स्पाट को चिन्हित किया है। साथ ही उसे हटाने का काम किया। बारिश के मौसम में रात्रिकालीन आवाजाही के दौरान संभावित दुर्घटनाजन्य स्थानों पर अब ट्रैफिक पुलिस ने रेडियम पट्टी लगाने का काम शुरू किया है। कटघोरा, पाली और उरगा मार्ग पर इस तरह का काम ट्रैफिक जवानों ने किया। खासतौर पर रात्रि के दौरान ऐसे क्षेत्र जहां पर स्ट्रीट लाइट की सुविधा नहीं है और वहां से आवाजाही व्यस्त है, ऐसे में तेज वर्षा की स्थिति में दृश्यता पर असर पड़ता है। इस चक्कर में हादसे होने की आशंका बनी रहती है। इसे ध्यान में रखने के साथ ट्रैफिक पुलिस अपनी ओर से काम कर रही है। पुलिस ने बताया कि वाहन चालकों को गाडि़यों में दोनों तरफ रिफ्लेक्टर लगाने को कहा गया है।

### हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरण में हो रही परेशानी

**कोरबा।** नगर निगम क्षेत्र में हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरण किया जा रहा है, लेकिन राशन कार्ड वितरण करने पहुंचे कर्मचारियों की लापरवाही सामने आ रही है। वार्डवासियों ने राशनकार्ड का वितरण करने वाले कर्मियों पर शराब सेवन का आरोप लगाया है। लोगों ने इसका विरोध भी किया है। राशन कार्ड वितरण ने हितग्राहियों की परेशानी बढ़ा दी है। नया राशन कार्ड छपने के बाद शहरी क्षेत्र में इसका वितरण का काम नगर निगम को दिया गया है, लेकिन अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही वजह से हितग्राहियों को नया राशन कार्ड लेने में पसीना छूटने लगा है। विभिन्न जगहों पर नगर निगम ने राशन कार्ड वितरण की व्यवस्था की है, जहां हितग्राहियों को स्वयं से अपना राशन कार्ड ढूंढने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। इसके कारण हितग्राहियों को कार्ड ढूंढने में कई घंटे लग रहे हैं, वहीं कई हितग्राहियों को घंटों ढूंढने के बाद भी कार्ड मिल नहीं पा रहा है, जिसके कारण उन्हें बार-बार कार्ड लेने के लिए वितरण केंद्रों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

### रेलवे स्टेशन में अनारक्षित टिकट कांउटर को किया गया शिफ्ट

**कोरबा।** अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत रेलवे स्टेशन के अनारक्षित टिकट कार्यालय का नवीनीकरण करवाया जा रहा है। इसके कारण अनारक्षित टिकट कार्यालय को अस्थाई रूप से आरक्षण कार्यालय में 6 जुलाई से स्थानांतरित करवाया गया है। आरक्षण कार्यालय कोरबा के काउंटर संख्या 5, 6 एवं 7 को अनारक्षित टिकट काउंटर में परिवर्तित किया गया है। बूकिंग कार्यालय का नवीनीकरण जो कि आगामी एक माह तक चल सकता है, तब तक अनारक्षित टिकटों को आरक्षण कार्यालय से ही जारी किया जाएगा। यात्रीगण कृपया अनारक्षित टिकट आरक्षण के उपरोक्त काउंटर से प्राप्त करें। इसके साथ ही अनारक्षित टिकट प्राप्त करने के लिए रेलवे स्टेशन परिसर में दो एटीवीएम मशीन उपलब्ध है जिसमें टिकटें ली जा सकती हैं।

### राजस्व निरीक्षकों ने किया कार्यभार ग्रहण

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा जिले में प्रशासनिक व्यवस्था के दृष्टिकोण से 7 राजस्व निरीक्षकों के मण्डल प्रभार में परिवर्तन किया गया है। कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा के आदेश के परिपालन में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा संबंधित राजस्व निरीक्षकों को उनके नवीन पदस्थापना राजस्व निरीक्षक मण्डल में कार्य करने हेतु भारमुक्त कर दिया गया है। साथ ही सभी राजस्व निरीक्षकों द्वारा नवीन राजस्व निरीक्षक मण्डल में कार्यभार ग्रहण कर लिया गया है। जिसके अंतर्गत योगेन्द्र बैस को राजस्व निरीक्षक मण्डल कोरबा, आशीष सोनी को राजस्व निरीक्षक मण्डल पाड़ीमार एवं दादरखुर्द का अतिरिक्त प्रभार, खेलन प्रसाद सूर्यवंशी को राजस्व निरीक्षक मण्डल पसरखेत, पुरूषोत्तम राम धाकड़े को राजस्व निरीक्षक मण्डल कोथारी, नीलकांत यादव को राजस्व निरीक्षक मण्डल दीपका व गेवरा का अतिरिक्त प्रभार, नंद किशोर सिंह राजस्व निरीक्षक मण्डल पाली के साथ ही अतिरिक्त प्रभार लाफा, चक्रधर सिंह सिदार राजस्व निरीक्षक मण्डल पसान के साथ ही अतिरिक्त प्रभार जटगा की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र में पढ़ाई के साथ बच्चे एलईडी में सीख रहे पोयम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

प्ले स्कूल की तर्ज पर आंगनबाड़ी केन्द्रों को अपडेट करने की दिशा में राज्य शासन द्वारा किए जा रहे प्रयास और चलाई जा रही योजनाओं का परिणाम मैदानी स्तर पर दिख रहा है। सक्षम आंगनबाड़ी योजना के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को पढ़ाई के साथ एलईडी स्क्रीन में पोयम भी पढ़ाया जा रहा है और मनोरंजन भी कराया जा रहा है।

सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए प्रथम दृष्टया में उन केन्द्रों को पहले चयन किया गया जहां बिजली की सुविधा उपलब्ध थी और सुरक्षा के इंतजाम होने के साथ भवन भी सर्व सुविधायुक्त थे। ऐसे केन्द्रों को महिला बाल विकास विभाग के द्वारा सक्षम बनाने के लिए चयनित किया गया और इसकी जानकारी राज्य शासन को भेजी गई। स्वीकृति मिलने के बाद सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र बनाने के लिए कवायद शुरू हुई। प्ले स्कूल की तर्ज पर आंगनबाड़ी केन्द्रों को समक्ष आंगनबाड़ी केन्द्र का दर्जा दिया जाना था। इसके लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया और केन्द्रों में एलईडी स्क्रीन, वेट मशीन, झूला और खिलौने आदि सामनों की सप्लाई हुई। शुरूआत में एलईडी स्क्रीन को लेकर सवाल खड़े हो रहे थे, तो कहीं आंगनाड़ी केन्द्रों से एलईडी स्क्रीन की चोरी न हो जाए विभाग के लिए यह यह समस्या थी, किंतु सुरक्षा के इंतजाम होने और सर्वसुविधायुक्त आंगनबाड़ी केन्द्रों को इसके लिए चुना जाना विभाग के लिए योजना के संचालन में सफलता मिली और आज 100 से अधिक समक्ष आंगनबाड़ी केन्द्र शहर और उपनगरीय क्षेत्रों के साथ ग्रामीण अंचलों के ब्लॉक मुख्यालय में संचालित किए जा रहे हैं।

## बिजली कनेक्शन युक्त 100 आंगनबाड़ी केन्द्रों में लगे एलईडी स्क्रीन

**खास बातें**

- शहर के सात उपनगरीय क्षेत्रों के केन्द्र चले प्ले स्कूल के तर्ज पर
- योजनाओं का परिणाम दिख रहा मैदानी स्तर पर



### बढ़ रही बच्चों की संख्या

सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्रों में अब बच्चों की संख्या बढ़ने लगी है। पूर्व में बच्चों के अभिभावक आंगनबाड़ी केन्द्रों में अपने बच्चों के नाम दर्ज कराकर केवल पौष्टिक आहार लेने आया करते थे। जिसके लिए आंगनबाड़ी के रिकार्ड में बच्चों की संख्या नजर तो आती थी, किंतु भौतिक स्थिति में बच्चे अनुपस्थित रहते थे, जिसे विभाग ने भी गंभीरता से लिया था। जैसे ही आंगनबाड़ी केन्द्रों को सक्षम बनाने की योजना तैयार हुई और एलईडी स्क्रीन से बच्चों का मनोरंजन कराने जैसे कार्य शुरू हुए। तब विरान नजर आने वाले आंगनबाड़ी केन्द्रों में धीरे धीरे बच्चों की संख्या बढ़ने लगी है। इस बात को महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों से करते हैं।

## ग्रामीण अंचलों में जल जीवन की कछुआ चाल

# तीन साल में 31 गांव तक पहुंचा जल जीवन का पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के ग्रामीण अंचलों में चल रही जल जीवन मिशन योजना की कछुआ चाल से लोग हलाकान हैं, तो वहीं नई बनी सहकारी समितियों में गोदाम की सुविधा नहीं होने के कारण अभी भी किसानों को खाद व बीज लेने के लिए पुरानी समितियों का दरवाजा खटखटाना पड़ रहा है। विभाग द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर अभी भी स्वीकृति नहीं मिलने से नई समितियों में गोदाम के निर्माण को लेकर सवाल भी खड़े हो रहे हैं।

केन्द्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत 2021 में जिले में इस योजना के तहत कार्य शुरू किए गए। 720 ग्राम वाले कोरबा जिले में कार्य को टेंडर के द्वारा ठेकेदारों के माध्यम से कराया गया। विभाग के अनुसार 31 गांव तक जल जीवन मिशन के कार्य पूरे होने के बाद वहां के ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मिलने लगा है, जबकि अभी भी 703 गांव जल जीवन मिशन योजना के पूरा होने का इंतजार कर रहे हैं। तीन साल में जिस तरह से कार्य हुए हैं उससे कार्य के संचालन को लेकर खामियां सामने आई है। कछुआ गति से चल रहे विभाग के कार्यों में ठेकेदारों की मनमानी भी नजर आई है, किंतु किसी भी ठेकेदार या किसी फर्म को नोटिस जारी करने के अलावा ब्लैक लिस्टेड किए जाने जैसी कार्यवाही नहीं होने के कारण ठेकेदारों ने अपने तरीके से जल जीवन मिशन का कार्य कराया। यही कारण है कि तीन साल में केवल 31 कार्य ही पूर्ण हुए हैं। अर्थात 31 गांव तक ही पानी पहुंचा है। सवाल यह है कि आखिर तीन साल की अवधि में महज 31 कार्य का पूर्ण होना कहीं न कहीं ठेकेदारों की मनमानी और विभागीय उदासीनता नजर आती है।



### 1200 करोड़ रूपये हुए हैं स्वीकृत

जिले के सभी गांव क घर घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत कई चरणों में कार्य किया जाना है, जिसमें ओव्हर हेड टैंक निर्माण, पाईप लाईन, टेप नल कनेक्शन, आंगनबाड़ी स्कूलों में नल कनेक्शन तथा गांव के सरकारी कार्यालयों में नल कनेक्शन दिया जाना शामिल है। इसके अलावा ओव्हर हैड टैंक से लेकर गांव तक मेन पाईन लाईन बिछाने का कार्य एवं गली गली छोटी पाइप लाईन बिछाने कार्य किए जाने के लिए लगभग 1200 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत की गई है।

### गोदाम नहीं, खाद भंडारण की समस्या

जिले में कुल 41 सहकारी समितियां संचालि है, जिनमें महज 27 आदिवासी सहकारी सेवा समितियों में खाद एवं बीज के भंडारण के लिए गोदाम की व्यवस्था है। शेष 14 सहकारी समितियों में जो पिछले वर्ष ही बनाई गई है उनमें गोदाम का निर्माण नहीं किए जाने से वहां खाद बीज के भंडारण की समस्या निर्मिता हो गई है। इन नये समितियों के अंतर्गत आने वाले ग्रामों के किसानों को खाद एवं बीज लेने के लिए लंबा समय तय करना पड़ रहा है। जिस समस्या से किसानों को निजात दिलाई जानी थी उसमें केवल धान खरीदने की ही सुविधा मिली है। खाद एवं बीज लेने के लिए अभी भी लंबा सफर तय करना पड़ रहा है। इस वर्ष जिले में खाद भंडारण के भी नए लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। जिनमें यूरिया के लिए 6 हजार मीट्रिक टन, सुपर फास्फेट 1860, डीएपी 2600, एनपीके 1140, एमओपी 300 मीट्रिक टन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कुल 11 हजार 900 टन खाद भंडारण का लक्ष्य था। जिसके विरूद्ध 9407.575 मीट्रिक टन खाद का भंडारण हो चुका है। इन खाद की समस्या से किसान जूझ रहे हैं। यूरिया की डिमांड के अलावा डीएपी की सर्वाधिक मांग किसानों के द्वारा की जा रही है और दोनों ही खादों की शॉर्टेज बताई गई है। खाद के अलावा धान बीज का लक्ष्य भी निर्धारित किया गया था। धान की इस बार कई वैरायटी आई है। जिनमें स्वर्णा, एमटीयू 1001, एमटीयू 1010, एमटीयू 1156, इंदिरा, स्वर्णा सब, छत्तीसगढ़ 1919, देवभोग, मधुराज, राजेश्वरी जिनमें इनके भंडारण कुल लक्ष्य 11126.8 क्विंटल निर्धारित किया गया है। जिसमें से 8 हजार 973 क्विंटल बीज का वितरण किया गया है। अभी भी 2 हजार क्विंटल से अधिक बीज सोसायटियों में रखे गए हैं। धान और खाद लेने वाले किसानों की संख्या 10 हजार 86 है।

# मध्यान्ह भोजन के पहले मिलेगा पौष्टिक नाश्ता : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में प्राथमिक और मीडिल स्कूल के बच्चों को स्कूलों में मध्यान्ह भोजन से पूर्व पौष्टिक नाश्ता भी मिलेगा। जिला प्रशासन द्वारा स्कूली बच्चों को नश्ता उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था को अंतिम रूप दे दिया गया है। इसकी शुरुआत जिले के कोरबा और पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के स्कूलों से होगी, जिसका विस्तार निकट भविष्य में जिले के शेष विकासखंडों में होगा।



लखनलाल।

उक्त बातें उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने नई शिक्षा नीति के तहत कही। उन्होंने जिले में संपूर्णता अभियान का विधिवत शुभारंभ किया और कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। मंत्री देवांगन ने बैठक में जिले के स्कूली बच्चों को शीघ्र ही सुबह के समय नाश्ता प्रदाय किए जाने की योजना पर प्रसन्नता जतायी और कहा कि कोरबा इस अभिनव योजना के क्रियान्वयन में छत्तीसगढ़ का अग्रणी जिला होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य सभी सरकारी स्कूलों को मॉडल स्कूल बनाना है। स्कूली बच्चों के नश्ता दिए जाने की यह व्यवस्था इसी प्रयास की एक कड़ी है। उन्होंने कहा कि स्कूल पहुंचते ही बच्चों को नाश्ता मिलेगा, इससे बच्चों का मन पढ़ाई में और ज्यादा लगेगा। जिला श्रम नगरी है, परिजन काम के लिए सुबह से निकल जाते हैं। जिसके चलते श्रमिक परिवार के बच्चे भूखे पेट स्कूल जाते हैं, दोपहर में मध्यान्ह भोजन का समय 1.30 बजे तक खाली पेट पढ़ाई करते हैं। इस वजह से बच्चे अध्ययन में रुचि नहीं ले पाते हैं। यह स्थिति कमोबेश जिले के सभी विकासखंडों में हैं। गौरतलब है नई शिक्षा नीति में स्कूलों में बच्चों को सुबह नाश्ता भी अनिवार्य किया गया है। मंत्री देवांगन ने इस संबंध में स्कूली बच्चों को नाश्ता प्रदाय किए जाने की व्यवस्था के लिए कलेक्टर को पत्र भी लिखा था।

# लोकसभा क्षेत्र में सांसद मद से स्वीकृत आधे से अधिक काम पूरे


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीते लोकसभा के कार्यकाल में सांसद मद से लोकसभा के सभी आठों विधानसभा के लिए स्वीकृत किए गए कार्यों में आधे से अधिक कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं, जो कार्य प्रगति पर है उसके रिकार्ड सभी निर्माण एजेंसियों से तलब किए गए हैं। नई लोकसभा का कार्यकाल शुरू होने से पिछले वर्ष के बचत खाते को बंद करने की कवायद शासन स्तर पर शुरू हो गई है, जिसके मद्देनजर सभी ऐसी एजेंसियां जिन्हें सांसद मद के कार्य आबंटित किए गए हैं उनसे रिपोर्ट तलब की गई है।

**खास बातें**

- अपूर्ण कार्यों की जनपद पंचायतों से मांगी गई जानकारी
- खाता बंद होने की कवायद शासन स्तर पर हुई शुरू

18वीं लोकसभा का कार्यकाल शुरू होने के साथ ही 17वीं लोकसभा के कार्यकाल में सांसद मद से लोकसभा क्षेत्र के आठों विधानसभा में विकास के कार्य स्वीकृत किए गए थे। 2019-20 में कोरोना संक्रमण की वजह से कार्यों में गति नहीं आ सकी थी। जिसकी वजह से कार्यों के पूर्ण होने में विलंब की स्थिति निर्मित हुई। कोरोना संक्रमण समाप्ति के बाद विकास कार्यों को पूरा करने की दिशा में गति लायी गई। सभी विधानसभा के निर्माण एजेंसियों को कार्य पूरा करने लगातार पत्र व्यवहार करने और दबाव बनाने के बाद कार्य स्वीकृत किए गए। पूरे पांच साल के लिए 474 कार्य सांसद मद से स्वीकृत हुए थे। जिनमें से 260 कार्यों को पूर्ण कर लिया गया है।



### निर्माण कार्यों का फोटो किया गया अनिवार्य

सांसद मद से स्वीकृत विकास कार्यों को लेकर राज्य शासन ने अब ऐसे सभी कार्य जो पूर्ण हो चुके हैं और जो प्रगति में है उनकी फोटो सहित जानकारी मांगी है। जिससे यह स्थिति सामने आ सके कि किस विधानसभा में कितने कार्य पूर्ण हुए हैं और कितने कार्य अभी चालू हैं। पूर्व में जानकारी बिना फोटो के लिए जाने के कारण कार्यों की वास्तविक स्थिति का आंकलन नहीं हो पाता था। इसलिए सभी कार्यों की फोटो सहित जानकारी तलब की गई है।

### 18 करोड़ की राशि हुई थी स्वीकृत

| वर्ष | राशि (करोड़ में) | स्वीकृत कार्य | पूर्ण कार्य | प्रगति कार्य |
|---|---|---|---|---|
| 2019-20 | 106.80 | 81 | 81 | 00 |
| 2020-21 | 138.32 | 52 | 45 | 07 |
| 2021-22 | 288.65 | 81 | 65 | 16 |
| 2022-23 | 619.99 | 135 | 46 | 85 |
| 2023-24 | 546.70 | 125 | 23 | 35 |
| योग | 1700.47 | 474 | 260 | 143 |

### करंट प्रवाहित तार की चपेट में आने से युवक की मौत

**कोरबा।** जिले के एसईसीएल कुसमुंडा परियोजना में डंफर ऑपरेटर के पद पर पदस्थ आदर्श नगर कुसमुंडा निवासी रविंद्र सिंह के पुत्र की अमन सिंह की बीते शुक्रवार की देर रात करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार एसईसीएल कुसमुंडा कर्मी रविंद्र सिंह का पुत्र अमन सिंह उम्र लगभग 21 वर्ष बिलासपुर जिले के जेके इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ाई कर रहा था। किराए के मकान में अपने दोस्तों के साथ निवासरत था। बीते शुक्रवार की रात उसी किराए के मकान की छत में मित्रों के साथ बैठा हुआ था जहां छत के ऊपर से गुजरी हुई बिजली की तार में अचानक उसका हाथ लग गया।

# शराब दुकान में चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बरबसपुर स्थित देशी शराब दुकान में सेंधमारी कर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपयों के पास से 28 पाव देशी शराब व 20 पाव मशाला शराब जब्त किया गया है। दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि आबकारी उप निरीक्षक वृत्त दर्री गेवरा श्रीमती दीपमाला नागदेव उम्र 33 वर्ष पति आकाश लक्षवानी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 4 जुलाई की रात्री में अज्ञात आरोपियों के द्वारा बरमपुर स्थित देशी मंदिरा दुकान के पीछे दीवार को सेंधमार कर अंदर घुसकर 96 नग देशी प्लेन शराब एवं 96 नग मशाला शराब एवं चिल्हर रूपये को चोरी कर लिया है। मामले में पुलिस सहायता केन्द्र सर्वमंगला में अपराध क्र. 238/24, धारा 331 (4), 305 बीएनएस पंजीबद्ध कर अज्ञात आरोपियो की पतासाजी की जा रही थी। पतासाजी के दौरान पुलिस ने आरोपी बरमपुर स्कूल पारा निवासी समीर खान उम्र 23 वर्ष पिता अलाउद्दीन एवं सर्वमंगला मंदिर के पास निवासी मोख जिबराईल उर्फ डब्बू उम्र 22 वर्ष पिता भोख जीरू को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्ज से एक लोहे का सब्बल एवं बोरी में रखे 28 पाव प्लेन शराब एवं 20 पाव मशाला शराब जब्त किया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# बेलाकछार में लचर विद्युत व्यवस्था से ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा ब्लॉक के ग्राम दोंदरो-बेलाकछार क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से बिजली आपूर्ति ठप्प पड़ी हुई है। बिजली की आंख मिचौली से ग्रामीण हलाकान हैं। यही वजह है कि आक्रोशित ग्रामीणों ने वितरण कंपनी की ओर से उचित कार्यवाही नहीं होने पर इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से की है।

पूर्व में ग्राम बेलाकछार-संगमनगर का बिजली पाड़ीमार जोन से सप्लाई किया जाता था। मगर दर्री सबस्टेशन में स्थान्तरण करने के बाद से समस्या और गंभीर हो गई है। उक्त समस्या को लेकर ग्रामवासियों ने मुख्यमंत्री को भी अवगत कराया है। जिसमे मुख्यमंत्री द्वारा समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर 15 दिवस की भीतर मांगे पूर्ण नहीं होती तो वे जिला मुख्यालय में घेराव करने हेतु बाध्य होंगे। जनपद सदस्य कौशल पटेल व ग्रामीणों की मांग है की पूर्व मैं बिजली की आपूर्ति पाड़ीमार जॉन से की जाती थी दरी जॉन में स्थानांतरण होने के बाद समस्याएं काफी बढ़ गई है जिसे पुनः पड़ीमार जोन में किया जाए बिजली की समस्या को लेकर बिजली विभाग के कनिष्ठ अभियंता, अधीक्षण अभियंता एवं वरिष्ठ अधिकारियों समेत कलेक्टर जन चौपाल में भी कई बार उक्त मामले की शिकायत की जा चुकी है परंतु आज पर्यंत तक किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई सामने नहीं आई। श्रम उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री लखन लाल देवांगन ने भी उक्त समस्या को लेकर अधीक्षण अभियंता के नाम पत्र लिखते हुए ग्राम बेलाकछार,संगम नगर आदि की बिजली को पाडीमार जोन में जोडने एवं ट्रांसफॉर्मर लगवाने की बात कही थी, मगर मंत्री के उक्त पत्र का भी असर देखने को नहीं मिला। ग्रामीणों ने बताया कि पूरे ग्राम में बिजली के तार जमीन से काफी कम ऊंचाइयों में है जिसे आसानी से हाथ से छुआ जा सकता है। जिसकी शिकायत विद्युत विभाग से कई बार की जा चुकी है परंतु इस पर भी विद्युत विभाग उदासीन है। उन्होंने बताया कि बिजली तार की चपेट में आने से बीते वर्ष एक महिला की मृत्यु हो गई थी इसके साथ ही कई मवेशी भी इसकी चपेट में आते रहते हैं।



# सब स्टेशन के पास डंप कर दी राख, हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा से 5 किमी दूर भालूसटका गांव में सब स्टेशन के निर्माण के दौरान राखड़ का उपयोग करना विद्युत विभाग को काफी महंगा पड़ गया है। पिछले पांच दिनों से हुई लागातार बारिश के कारण सब स्टेशन राखड़ से पट गया। पिछले तीन दिनों से सब स्टेशन में मौजूद राख को निकालने का प्रयास किया जा रहा है।

भालूसटका गांव के पास बना सब स्टेशन है,जो पिछले पांच दिनों की बारिश में राखड़ से पट गया है। सब स्टेशन निर्माण के दौरान गहराई को भरने के लिए राखड़ का उपयोग किया गया था। मूसलाधार बारिश के कारण राख बाहर गया और पूरे सब स्टेशन में फैल गया। जेसीबी, ट्रक और ट्रेक्टर के माध्यम से राखड़ को निकालने का काम जारी है,लेकिन अब तब कार्य पूरा नहीं हो सका है। तीनों दिनों से राख को निकालने का काम किया जा रहा है,जो अब भी जारी है। विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी और ग्रामीणों ने बताया कि मनमानी तरीके से फ्लाई ऐश को डंप करने से यहां पर समस्याएं बढ़ गई हैं। बारिश के मौसम में दबाव से फ्लाई ऐश बहते हुए आसपास के क्षेत्र में फेल रहा है। इसके चलते समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। इस बात को लेकर भी नाराजगी बनी हुई है कि आखिर किसके कहने पर इस प्रकार की हरकतें ट्रांसपोर्टर और उनके लोगों की ओर से की जा रही है। याद रहे इससे पहले भी कोरबा शहर के आसपास के क्षेत्र में विभिन्न बिजली घरों से उत्सर्जित फ्लाई ऐश को मनमाने तरीके से डंप करने और लोगों को परेशान करने की घटनाएं हो चुकी हैं। कोरबा के कुछ जागरूक लोगों के द्वारा जन स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ मुद्दा बात कर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की भोपाल स्थित बेंच में परिवाद दायर किया गया था, जिस पर जांच समिति कोरबा भेजी गई। इस मामले में बहुत ज्यादा परिणाम सामने नहीं आ सके और एक प्रकार से फ्लाई ऐश डंप करने वाले ट्रांसपोर्टर को बचाने की कोशिश की गई। माना जा रहा है कि इस प्रकार की कारस्थानी के कारण ही फ्लाई ऐश डंप करने वाले लोगों के मनोबल में बढ़ोतरी हो रही है और वह मनचाहे तरीके से कहीं भी अपने काम को अंजाम देने में लगे हुए हैं।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला-सक्ती (छ.ग.)**

विवाह प्रकरण क्रमांक 202404310200002/ B-121/2023-24

ग्राम-कोटमी, तहसील डभरा

आवेदक सत्यम कुमार, उम्र 25 वर्ष पिता श्री नरेश कुमार जाति पंडित निवासी साऊथ दिल्ली थाना महरोली, हाल मुकाम भांठागांव रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.) एवं आवेदिका श्रीमती प्रिया, पति सत्यम कुमार उम्र 25 वर्ष निवासी साऊथ दिल्ली थाना महरोली, हाल मुकाम भांठागांव रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.) **विरूद्ध** छत्तीसगढ़ शासन

**ईश्तहार**

आम जनता कोटमी, तहसील डभरा को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक सत्यम कुमार, उम्र 25 वर्ष पिता श्री नरेश कुमार जाति पंडित निवासी साऊथ दिल्ली थाना महरोली, हाल मुकाम भांठागांव रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.) एवं आवेदिका श्रीमती प्रिया, पति सत्यम कुमार उम्र 25 वर्ष निवासी साऊथ दिल्ली थाना महरोली, हाल मुकाम भांठागांव रायपुर जिला- रायपुर (छ.ग.) द्वारा संयुक्त रूप से विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-15 के तहत अनुष्ठापित विवाह की सूचना आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है । अत: इस संबंध में किसी को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 19.07.2024 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19.04.2024 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**विवाह अधिकारी**
**जिला-सक्ती (छ.ग.)**

TOP IN JANJGIR

ADMISSION GUIDENS 2024-25

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 01 | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 02 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 03 | BPT (बेचलर ऑफ फिजीयो थैरेपी) | 4 Year | 12th Bio |
| 04 | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 05 | D. PHARMA | 2 Year | 12thBio&Maths |

Gurukripa paramedical college Nehru Chowk Bilaspur Mo.7000421146

जैन स्वीट्स
लिंक रोड, पारस बाजार के पास, जांजगीर
हमारे यहां पारंपरिक ट्रेडिशनल फैन्सी मिठाई ड्राईफ्रुट मिठाई, छेना, खोवा अन्य छप्पन प्रकार के मिठाई एवं स्वादिष्ट ताजा नमकीन प्राप्त करें।
नास्ता खमन ढ़ोकला, कचौड़ी, फाफड़ा
8889821151, 8871779942

7-July- Jash-Bhoomi pg-3_Layout 1 7/7/2024 7:40 PM Page 1






# राम चरण ने पूरी की 'गेम चेंजर' की शूटिंग

**मुंबई।** कॉलीवुड के मशहूर निर्देशक शंकर और सुपरस्टार राम चरण की अखिल भारतीय राजनीतिक ड्रामा फिल्म 'गेम चेंजर' पर सभी की निगाहें टिकी हैं। निर्माता दिल राजू इस फिल्म को अपने करियर की यादगार परियोजना बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं, क्योंकि यह उनकी 50वीं प्रोडक्शन फिल्म है। फिल्म की शूटिंग में लगातार राम चरण और टीम व्यस्त थे। अब आखिरकार राम चरण ने फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। वहीं खबर यह भी है कि 'गेम चेंजर' की शूटिंग पूरी करने के बाद अब राम चरण 'उप्पेना' फेम बुची बाबू सना के निर्देशन में बन रही अपनी अगली फिल्म पर फिलहाल अपना ध्यान लगा सकते हैं।

लाइफ Style

# हिना
## कैंसर के कारण निकाला बाहर?

हिना खान कैंसर से जंग लड़ रही हैं और अब इसका असर उनकी प्रोफेशनल लाइफ पर भी देखने को मिल रहा है। खबर आ रही है कि उन्हें डिज्नी प्लस हॉटस्टार के 'राप्चिक रीटा' से मेकर्स ने रातोंरात रिप्लेस कर दिया है। उनकी जगह किसी और एक्ट्रेस ने ली है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक रिपोर्ट के अनुसार, 'डैमेज्ड' एक्ट्रेस हिना खान को डिज्नी+ हॉटस्टार की अपकमिंग कोर्ट ड्रामा 'रापचिक रीता' में एक वकील का किरदार निभाना था। लेकिन ब्रेस्ट कैंसर के खुलासे के बाद उन्हें रिप्लेस कर दिया है। जानी-मानी एक्ट्रेस को उनकी जगह कास्ट किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, मिस्ट्री थ्रिलर सीरीज में हिना की जगह 'द केरल स्टोरी' की एक्ट्रेस अदा शर्मा को लिया गया है। हालांकि, न तो निर्माताओं और न ही एक्ट्रेस ने अभी तक इस अपडेट की पुष्टि की है। जैसे ही ये खबर सामने आई, हिना खान के फैंस नाराज हो गए। वो डिज्नी प्लस हॉटस्टार और 'रापचिक रीता' के मेकर्स पर नाराजगी जाहिर करने लगे। एक फैन ने ट्विटर (अब एक्स) पर लिखा, 'वो (हिना) कैंसर से जूझ रही हैं, वे उनके ठीक होने का इंतजार नहीं कर सकते? ये बहुत क्रूर है।' दूसरे यूजर ने डिज्नी प्लस हॉटस्टार को टैग करते हुए लिखा, 'शर्म आनी चाहिए!' हिना ने बताया कि लोगों को भले ही उनके शरीर पर निशान दिख रहे हों, लेकिन उनकी आंखों में उम्मीद है। वो इस भयानक बीमारी का डटकर सामना कर रही हैं। फैंस और सिलेब्स भी उनके लिए दुआ मांग रहे हैं।



हॉलीवुड मसाला



# 'सुपरमैन' के सेट से तस्वीरें हुई लीक

**लॉस एंजिलिस।** जेम्स गन की नई फिल्म के सेट से तस्वीरें लीक हुई हैं, जिसमें सुपरमैन हथकड़ी में नजर आया। सुपरमैन बने डेविड कोरेनस्वेट को मिलिट्री ने गिरफ्तार किया है और सिटी हॉल ले जा रहे हैं। 'सुपरमैन' के साथ ब्लैक कलर की कॉस्ट्यूम में एक नकाबपोश व्यक्ति भी नजर आ रहा है। जेम्स गन की नई सुपरमैन फिल्म आ रही है, जिसका फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब इस फिल्म के सेट से कुछ तस्वीरें लीक हो गई हैं, जिसने फैंस की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। लीक तस्वीरों में एक्टर डेविड कोरेनस्वेट सुपरमैन के रोल में नजर आ रहे हैं।



# एडेल, ड्रेक और लाना डेल रे बिखेरेंगे अपना जादू...

**मुंबई।** देश के बिजनेसमैन मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी की शादी राधिका मर्चेंट से होने जा रही है। 12 जुलाई से 14 जुलाई तक ये कार्यक्रम होगा। जिसमें इंटरनेशनल स्टार के आने की खबर है। बताया जा रहा है कि एडेल, ड्रेक और लाना डेल रे परफॉर्म कर सकते हैं। पिछले दोनों ही फंक्शन में इंटरनेशनल स्टार्स ने अपनी मौजूदगी से इसकी रौनक बढ़ाई थी। और अब शादी में भी कुछ नामी सितारों को बुलाने का प्लान हो रहा है। देश के अरब-खरबपति मुकेश अंबानी अपने छोटे बेटे अनंत अंबानी के बेटे में शायद हर शौक पूरा करना चाह रहे हैं। दो प्री-वेडिंग सेरेमनी के बाद शादी भी धूमधाम से करने चा रहे हैं। मार्च महीने में तीन दिन जामनगर में तो मई के आखिर तीन दिनों तक क्रूज पर जमकर पार्टी हुई। 12 से 14 जुलाई तक चलने वाले शादी के फंक्शन में ये सिंगर्स परफॉर्मेंस देने के लिए भारत आ सकते हैं।



# मैंने हमेशा गलत पुरुषों को किया डेट...

**मुंबई।** अभिनेत्री मनीषा कोइराला ने अपनी अभिनय प्रतिभा के बूते इंडस्ट्री में अलग मुकाम हासिल किया है। नेपाली मूल की मनीषा ने बॉलीवुड में कई शानदार फिल्में दी हैं। हाल ही में अभिनेत्री अपने व्यक्तिगत जीवन पर बात करती नजर आईं। इस दौरान मनीषा ने कहा कि उन्होंने अपनी जिंदगी में रिलेशनशिप के मामले में काफी कुछ झेला है। मनीषा ने कहा कि उन्होंने गलत पुरुषों को डेट किया है। 'मैंने इस बात पर गौर किया कि मैं सिर्फ गलत लोगों के प्यार में क्यों पड़ी। मैं सोचती थी कि मैं बार-बार ऐसा क्यों कर रही हूं या फिर मेरे साथ कुछ गड़बड़ है, जो मैं कमरे में सबसे ज्यादा परेशान रहने वाले व्यक्ति की ओर आकर्षित हो रही हूं। मैंने सोचा कि सबसे पहले मुझे इस बात पर काम करना होगा कि मुझे क्या परेशान कर रहा है।



# मल्लिका के साथ काम करना चाहते हैं

**नई दिल्ली।** अभिनेता इमरान हाशमी और अभिनेत्री मल्लिका शेरावत फिल्म 'मर्डर' में साथ नजर आए थे। 2004 में आई इस फिल्म में दोनों के बीच गजब की केमिस्ट्री देखने को मिली थी। लेकिन, हैरानी की बात ये भी है कि इसी फिल्म के दौरान दोनों के बीच भयंकर झगड़ा भी हो गया था। बात इतनी बिगड़ चुकी थी कि उस फिल्म के बाद दोनों फिर किसी फिल्म में साथ नजर नहीं आए। दो दशक बाद इमरान हाशमी ने उस तकरार पर अब जाकर चुप्पी तोड़ी है। इमरान हाशमी ने कहा कि वह मल्लिका के साथ दोबारा साथ काम करना चाहते हैं। अभिनेता ने कहा, 'हमने यह सब एक तरफ रख दिया, बहुत समय पहले की बात है। उसे देखना और मिलना बहुत अच्छा लगा। वह बहुत गर्मजोशी से भरी थीं और मैं भी।


टीवी मसाला



# बिग बॉस 17 के टॉप 5 में पहुंचते पहुंचते रह गई थी ये कंटेस्टेंट...

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 17' सबसे पॉपुलर सीजन में शामिल हो चुका है, जिसकी ट्रॉफी मुनव्वर फारूकी ने अपने नाम की थीं। लेकिन कुछ ऐसे कंटेस्टेंट थे, जिन्हें फैंस ने खूब सपोर्ट किया था। इनमें अभिषेक कुमार, अंकिता लोखंडे, विक्की जैन, मन्नारा चोपड़ा और ईशा मालवीय जैसे कंटेस्टेंट्स का नाम शामिल है। लेकिन फिनाले में जगह बनाने वाले केवल मन्नारा, अंकिता और अभिषेक ही रह गए थे। इसी बीच एक्ट्रेस ईशा मालवीय ने खुलासा किया कि उन्हें कंट्रोवर्शियल रियलिटी शो करने को लेकर पछतावा होता है। इसका कारण बताते हुए उन्होंने बताया कि वह उन स्वार्थी लोगों के साथ रही, जो सिर्फ उनका 'इस्तेमाल' कर रहे थे। इसका उन्हें पछतावा है। ईशा मालवीय ने कहा, 'कई स्वार्थी लोग मेरे जीवन में आए, जो मेरा इस्तेमाल कर रहे थे और मुझे उस समय इसका एहसास तक नहीं हुआ। मुझे इन बातों का पछतावा होता है, लेकिन मुझे 'बिग बॉस' में हिस्सा लेने का कोई पछतावा नहीं है। मुझे उन लोगों के साथ दोस्ती या रिश्ते बनाने का पछतावा है, जिन्होंने मेरी रिस्पेक्ट नहीं की और न ही मेरी कीमत समझी।' इसके अलावा उन्होंने बताया कि वह डांस-बेस्ड रियलिटी शो में हिस्सा लेना पसंद करेंगी।

## बिग बॉस होस्ट करना चाहते हैं गश्मीर



**नई दिल्ली।** भारत के सबसे लोकप्रिय रियलिटी शो बिग बॉस में पिछले कुछ वर्षों में कई प्रमुख हस्तियों ने मेजबानी की है, लेकिन सलमान खान सीजन 4 में कमान संभालने के बाद से प्रशंसकों के पसंदीदा बन गए हैं। उनके आकर्षक अंदाज और करिश्मे ने कई दर्शकों का दिल जीत लिया है। हाल ही में, अभिनेता गश्मीर महाजनी ने बिग बॉस होस्ट करने की इच्छा जाहिर की है। गश्मीर रोमानिया में रोहित शेट्टी की 'खतरों के खिलाड़ी 14' की शूटिंग पूरी करने के बाद भारत लौटे हैं। अभिनेता ने बिग बॉस में अपनी रुचि के बारे में बताया, लेकिन एक प्रतियोगी के रूप में नहीं। इंस्टाग्राम सेशन के दौरान, अभिनेता से एक फैन ने पूछा कि क्या वह रिएलिटी शो के अगले सीजन में शामिल होंगे। सवाल का जवाब देते हुए, गश्मीर ने एक प्रतियोगी के बजाय शो में होस्ट के रूप में शामिल होने का अपना सपना बताया। दिलचस्प बात यह है कि अभिनेता को उम्मीद है कि भविष्य में यह किसी दिन हकीकत बन जाएगा।

# 'कमली' में कैट की बॉडी डबल हैं शक्ति मोहन?



**नई दिल्ली।** मशहूर डांसर और कोरियोग्राफर शक्ति मोहन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। इसमें वह फिल्म 'धूम 3' के कैटरीना कैफ के कमली गाने पर स्टंट करती हुई दिखाई दे रही थीं। कैटरीना कैफ ने इसमें स्टंट किए थे। शक्ति का ये वीडियो देखकर लोगों का कहना था कि शक्ति मोहन इस गाने में कैटरीना की बॉडी डबल हैं। उन्होंने ही गाने में कैटरीना की जगह सभी मुश्किल स्टंट किए हैं। अब शक्ति मोहन ने इन सभी अफवाहों को खारिज कर दिया है। वह सेट पर कोरियोग्राफर की सहायक थीं और वह खुद फ्लिप नहीं कर सकतीं। शक्ति मोहन ने एक बातचीत में इस वीडियो पर बात करते हुए कहा, 'हां मुझे पता है। ये रील मुझे बहुत लोगों ने भेजी है कि आप बॉडी डबल हो। मैंने सोचा, जरा सोचो कि मैं बॉडी डबल कैसे बनूंगी? मेरी स्किन का रंग देखो। उनका स्किन टोन देखो, उनकी हाइट देखो। मैं वैभवी को असिस्ट कर रही थी और लोग देख सकते हैं कि मैं मैम के साथ खड़ी हूं और वह डांस कर रही हैं।' उन्होंने कहा, 'मेरी एक पेरिस की दोस्त एमिली इसमें बॉडी डबल हैं। हालांकि, कई रूटीन बहुत चुनौतीपूर्ण थे। कैटरीना जोर दे रही थीं कि मैं यह करूंगी। वह पागलपन की हद तक काम कर रही थीं। उनके शरीर पर चोटे भी थीं।' उन्होंने कहा, 'फ्लिपिंग जैसी चीजें होती हैं और ऐसी चीजें जो कोई नहीं कर सकता। महीनों-महीनों की मेहनत के बाद भी आप ऐसा नहीं कर पाते, ये वो चीजें हैं, जो एमिली ने कीं।

# 'औरों में कहां ...' 2 अगस्त को होगी रिलीज





*__नई दिल्ली।__ अजय देवगन और तब्बू की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'औरों में कहां दम था' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। पहले यह फिल्म 5 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसकी रिलीज डेट आगे खिसका दी गई है। पहले इसकी टक्कर निखिल नागेश भट द्वारा निर्देशित एक्शन थ्रिलर 'किल' से होने वाली थी। निर्माताओं ने फिल्म की नई रिलीज डेट साझा की है। रोमांटिक ड्रामा फिल्म अब 2 अगस्त को रिलीज होगी। अजय और तब्बू ने अपने-अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म का पोस्टर शेयर किया और नई रिलीज डेट की घोषणा की। तस्वीर के साथ अजय ने लिखा, '2 अगस्त को इंतजार खत्म होगा। औरों में कहां दम था।' नीरज पांडे ने भी पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, 'प्यारे दोस्तों, हमारी रिलीज की नई तारीख है।' अजय देवगन और तब्बू के अलावा 'औरों में कहां दम था' में जिमी शेरगिल, सई मांजरेकर और शांतनु माहेश्वरी भी महत्वपूर्ण भूमिका में होंगे। नीरज पांडे द्वारा निर्देशित इस फिल्म को शीतल भाटिया, नरेंद्र हीरावत और कुमार मंगत पाठक के पैनोरमा स्टूडियो द्वारा निर्मित किया गया है।*

# जब एक पार्टी में एक साथ दिखे अमिताभ जया और रेखा, घूमा कैमरा तो बदल गए तेवर

*__नई दिल्ली।__ बॉलीवुड की पार्टीज हमेशा ही लोगों का ध्यान खींचने वाली रही हैं। आज के दौर में पार्टीज की खबर आती है और पैपराजी मौके पर पहुंच जाती हैं। उसके बाद शुरू होता है फोटो पर फोटो खिंचाने का सिलसिला। आज की पार्टीज में सेलिब्रेटीज के कपड़े ज्यादा अट्रैक्शन का कारण बनते हैं। जबकि एक दौर ऐसा था जब पार्टी में आने वाले सेलिब्रिटी सुर्खियां बटोरते थे। खासतौर से अगर एक ही पार्टी में अमिताभ बच्चन, जया बच्चन और रेखा तीनों एक साथ हों तो सोचिए वो पार्टी कैसी होगी। नब्बे के दशक की ऐसी ही एक पार्टी का वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें तीनों एक ही जगह कुछ इस अंदाज में दिखाई दिए।*

### फिल्म फेयर की पार्टी

स्टार रेट्रो 2 नाम के इंस्टाग्राम चैनल ने ये वीडियो शेयर किया है। जिसके कैप्शन के मुताबिक ये साल 1991 में दी गई पार्टी है। जिसे ऑर्गेनाइज किया था फिल्म फेयर ने। उस दौर के तमाम सितारे इस पार्टी में बहुत ही खूबसूरत अंदाज में दिख रहे हैं। पूनम ढिल्लो और अमृता सिंह के चेहरे की ताजगी ही मूड को खुशनुमा करने के लिए काफी हैं इसके अलावा अनु अग्रवाल, आमिर खान, अरूणा इरानी, गुलशन ग्रोवर, चिरंजीवी, जलाल आगा, जावेद जाफरी, गुलशन ग्रोवर, भाग्यश्री जैसे कई सितारे इस वीडियो में दिख रहे हैं।




### पार्टी का 'लव ट्रायंगल'

इस पार्टी का सबसे खास अट्रैक्शन हैं अमिताभ बच्चन, जया बच्चन और रेखा. अपने अफेयर और फिर ब्रेकअप की खबरों के बाद अमिताभ बच्चन और रेखा कभी फिल्मी पर्दे पर साथ नजर नहीं आए। पब्लिक फंक्शन में भी दोनों एक दूसरे के आमने सामने आने से बचते रहे। लेकिन इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि तीनों एक ही पार्टी में मौजूद हैं।अमिताभ बच्चन सूट बूट में अपने एंग्री यंग मैन वाले स्वैग में दिख रहे हैं।तो, जया बच्चन रिच सूट में दिखाई दे रही हैं और रेखा अपनी ट्रेडमार्क बन चुकी गोल्डन साड़ी में खुले बालों के साथ पार्टी इंजॉय करते दिख रही हैं।

# देर रात सुनसान इलाके में अक्षय के साथ नाचते दिखे रणवीर सिंह...



**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार ने रणवीर सिंह को बर्थडे विश करते हुए सोशल मीडिया पर एक नगीना शेयर कर दिया। इसमें आप रणवीर और अक्षय कुमार का मस्त डांस देख सकते हैं। बॉलीवुड के सबसे एनर्जेटिक एक्टर और परफॉर्मर के नाम से मशहूर रणवीर सिंह ने 6 जुलाई को अपना बर्थडे सेलिब्रेट किया। इस मौके पर अक्षय कुमार ने अपने सूर्यवंशी कोस्टार को बधाई देते हुए एक अनसीन वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में रणवीर और अक्षय दोनों रात के अंधेरे में किसी बिल्डिंग या शायद किसी होटल के पावर प्लान वाले हिस्से में मस्ती से डांस करते दिख रहे हैं। अक्षय कुमार के हाथ में मोबाइल है वो गाना प्ले करते हैं और रणवीर ने एक स्पीकर अपने कंधे पर उठा रखा है और दोनों नाचते हुए आगे बढ़ रहे हैं।

खबर संक्षेप

## लीनेस क्लब्स ने करवाई नेत्र जांच आंखों को सुरक्षित रखने दी दवा



**सक्ती।** आंल इंडिया लीनेस क्लब्स डिस्ट्रिक्ट सी एम 1संपदा की डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लीनेस लता नायक ने अपने डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट नेत्र जांच के तहत सक्ती के नीरज नेत्र किलनिक में आंखों का जांच करवाया एवं निशुल्क आंखों की दवा दे चश्मा बनवाने के लिये कहा गया। इस अवसर पर लीनेस अध्यक्ष विजया जायसवाल, मंजु जायसवाल, रामकुमार साहू, अनीता सिंह, अमृता सिंह, निधि सिंह, सुमन सिंह,भगवती देवांगन,ललिता साहु,रीता राज, कुशल दर्शन, पुष्पेन्द्री कसेर उपस्थित रहे।

## ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर कार्यशाला



**अकलतरा।** श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय बनाहिल अकलतरा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मास्टर ट्रेनर डॉ. अंगेश चन्द्रा सहायक प्राध्यापक भौतिकी, शासकीय नवीन कॉलेज सारागांव ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार यह शिक्षा नीति पूर्व की शिक्षा नीति से अधिक बेहतर है क्योंकि यह छात्रों को सामान्य शिक्षा के अतिरिक्त रोजगारोन्मुखी व्यवसायिक कोर्स के साथ अधिक अवसर प्रदान करेगी। संस्था के संचालक डॉ.जे.के.जैन ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने के लिए संस्थान में उपलब्ध संसाधनों का पूरी तरह से उपयोग किया जाएगा जिससे कि छात्रों का सर्वांगीण विकास हो सके अब छात्रों को क्रेडिट सिस्टम के कारण अंको का डर नहीं रहेगा। सचिव अंकित जैन ने डॉ.चन्द्रा सर को महाविद्यालय की ओर से स्मृति-चिन्ह प्रदान करते हुए को कहा कि महाविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति को पूर्ण रूप से लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम का संचालन सहा.प्राध्या. संतोष कुमार ध्रुव व आभार प्रदर्शन डॉ.राकेश सोनी ने किया।प्रशिक्षण कार्यक्रम में ओमप्रकाश सोनी, श्वेता सिंह, पायल दास, संध्या सिंह, जागृता चौबे, दुर्गा टंडन, अशोक पाण्डेय, आकाश दास, मनीष गंधर्व, प्रियंका राठौर, रोहणी कैवर्त, प्रिया पटेल, सुमित कुमार सहित समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्रगण उपस्थित थे।

## कमरीद में निकाली गई भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा



**जांजगीर-चांपा।** बलौदा विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कमरीद में रविवार 7 जुलाई को भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा निकल गई। रथ यात्रा गांव के गुड़ी चौक, भाटापारा, सागरपारा, महामाया चौक, माता चौरा समेत अन्य जगहों से होकर निकली। रथ यात्रा में प्रमुख रूप से रामकृष्ण वैष्णव, अश्वनी वैष्णव, प्रणव वैष्णव, याचना वैष्णव, रजत यादव, संदीप, भरत सहित अन्य लोग शामिल हुए। इसके पूर्व गांव के भ्रमण के दौरान भगवान जगन्नाथ का जगह-जगह महिलाओं ने पूजा अर्चना कर आरती उतारी वही भगवान से आशीर्वाद भी लिया।

## हायर सेकेण्डरी स्कूल में वाणिज्य संकाय का किया जाएगा संचालन

**जांजगीर-चांपा।** बलौदा विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कमरीद में संचालित हायर सेकेंडरी स्कूल में इस शिक्षा सत्र से कक्षा 11वीं में वाणिज्य संकाय की स्वीकृति मिली है। ऐसे में 11वीं में पढ़ने लिखने वाले छात्र-छात्राएं अपने रुचि के अनुसार कॉमर्स विषय लेकर के पढ़ाई लिखाई कर सकते हैं। इसके लिए शासन द्वारा 15 सीट निर्धारित किया गया है। वाणिज्य विषय के संकाय खुलने से गांव के शिव शंकर वैष्णव, रवि ग्वेल, तिहारो राम यादव, देवराम यादव, भुवनेश्वर कश्यप, लक्ष्मी राम यादव सहित अन्य लोगों ने खुशी जाहिर की है और कहां है कि इससे बैंकिंग क्षेत्र में आगे जाकर पढ़ाई लिखाई करने वाले छात्रों को लाभ भी मिलेगा।

## निधन

### दशरथ दास महंत

**जांजगीर-चांपा।** नवागढ़ ब्लॉक के ग्राम सलखन के प्रतिष्ठित नागरिक दशरथ दास महंत का निधन हो गया। वे 55 वर्ष के थे। वे अपने पीछे पत्नी एवं एक बेटी सहित भरापूरा छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार रविवार 7 जुलाई को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में परिजन, समाज के लोग, गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे नवागढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शत्रुघ्न दास महंत के बड़े भाई थे।



रथ पर आरुढ़ होकर निकले भगवान, 9 दिनों तक मौसी के घर में करेंगे विश्राम

# जय जगन्नाथ के जयकारे के साथ निकली रथ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

आषाढ़ शुक्ल द्वितीया को भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा जगह-जगह निकाली गई। इस दौरान पूरा अंचल जय जगन्नाथ के जयकारे से गूंज उठा। रविवार 7 जुलाई को रथ यात्रा को लेकर हिन्दू धर्मावलंबियों में खासा उत्साह रहा। बच्चों की टोलियां सुबह से रथ यात्रा निकालने में जुटी रही तो वहीं जिला मुख्यालय जांजगीर में पुरानी बस्ती व नैला से रथ यात्रा निकाली गई। इसके अलावा जिले के प्रमुख शहरों और लगभग सभी गांवों में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा धूमधाम से निकाली गई। इस दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की और पूरा अंचल जय जगन्नाथ के जयकारे से गूंज उठा।

रविवार 7 जुलाई को रथ यात्रा जगह-जगह निकाली गई। जग के पालनहार रथ पर सवार होकर निकले तो पूजन के लिए पूरा गली उमड पड़ा। भाई भलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ भगवान जगन्नाथ को मंदिर से बाहर पूरे विधान के साथ निकलकर रथ की सात बार परिक्रमा कराई गई। जैसे ही श्रद्धालुओं को भगवान ने दर्शन दिए जय जगन्नाथ के जयकारे से गुज उठा। रविवार को जिला मुख्यालय जांजगीर में केरा रोड स्थित संतोषी मंदिर से रथ यात्रा निकाली गई। इसके अलावा जिले के प्रमुख शहरों और लगभग सभी गांवों में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा धूमधाम से निकाली गई। भगवान जगन्नाथ के रथ को खीचने के लिए हर श्रधालु आतूर नजर आया। प्रातः से ही पूजा अर्चना प्रारंभ की गई। भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना कर महाआरती की गई।



जिला मुख्यालय में रथ में सवार होकर भक्तों को दर्शन देने निकले भगवान जगन्नाथ।

## बाजे-गाजे के साथ निकली रथ यात्रा

**तुस्मा।** शिवरीनारायण से लगे ग्राम तुस्मा के गायत्री मंदिर से बाजे गाजे के साथ भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा निकाली गई। रथ को ढोल, नगाड़ा, तुरही और शंखध्वनि के साथ लोगों ने खीचा। रथयात्रा को पुरे गांव में भ्रमण कराया गया। लोग भगवान जगनाथ के दर्शन पाने के लिए टूट पड़े। भगवान जगन्नाथ, उनके बड़े भाई बलराम और बहन सुभद्रा के साथ तीनो को एक ही रथ सवार करके यात्रा निकाली गई। भगवान जगन्नाथ आषाढ़ कृष्ण पक्ष की द्वितीया को अपनी मौसी के घर जाते है। यहां 8 दिन ठहरने के पश्चात वापस घर आते है। दशमी के दिन पारंपरिक विधान से भगवान को पुनः मंदिर में वापस लाया जाता है। भगवान के रथ की रस्सी को खींचने के लिए बड़ी संख्या में भक्त लालायित थे। ऐसी मान्यता है कि भगवान के रथ को खींचने से जन्म भर के पापों का नाश हो जाता हैं। भक्तों की भक्ति ऐसी की एक झलक भगवान के दर्शन पाने बेताब थे। रथयात्रा की महत्ता इस लिए भी बढ़ जाती हैं क्योंकि माता पिता विवाहित पुत्रियों को लेने आज के ही दिन जाना प्रारंभ करते हैं।





स्कूल प्रांगण में पौध रोपण करते अतिथि।

## एक पेड़ मां के नाम, स्कूल प्रांगण में लगाए गए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ जांजगीर चाम्पा के द्वारा 7 जुलाई को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसला में जिला स्तरीय पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान नीम जामुन, बिही, आम गुलमोहर आदि फलदार, छायादार पौधों का रोपण किया गया एवं संरक्षण एवं संवर्धन हेतु शपथ भी ली गई।

पौधरोपण कार्यक्रम की थीम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम पर रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पामगढ़ विधायक श्रीमती शेषराज हबंश ने कहा कि पौधरोपण का कार्य पुनीत कार्य है। पौधरोपण करने से पर्यावरण के लाभ के साथ साथ स्कूल का शैक्षिक वातावरण बेहतर बनेगा। स्काउट गाइड छत्तीसगढ़ के राज्य परिषद के उपाध्यक्ष कार्तिकेश्वर स्वर्णकार ने बताया की स्काउट गाइड के तरफ से पुरे राज्य में रथ यात्रा के महा पर्व पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृहद पौधरोपण का कार्य किया जा रहा है आज प्रकृति की छांव में हम सभी यहां गर्मी में भी आसानी से बैठ पाए हैं इसे हमें अक्षुण बनाये रखना है। कार्यक्रम को माध्यमिक शिक्षा मंडल सदस्य चंद्रकांत तिवारी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में स्काउट गाइड जिला संघ अध्यक्ष कमल देवांगन, जिला मुख्य आयुक्त जितेंद्र तिवारी, सरपंच सुरेश तिवारी, पामगढ़ बीईओ मोहन लाल कौशिक, स्काउट गाइड जिला सचिव परमेश्वर स्वर्णकार, जिला संगठन आउक्त गाइड सुमन लता यादव, विद्यालय के प्राचार्य बी पी एस बंजारे सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## तृतीय पुण्यतिथि पर राज्यसभा सांसद कश्यप को अर्पित की श्रद्धांजलि



**अकलतरा।** छत्तीसगढ राज्य के स्वप्नदृष्ठा डॉ. खुबचंद बघेल के साथ संघर्ष करने वाले पुर्व राज्यसभा सांसद स्व. रामाधार कश्यप को उनकी तीसरी पुण्यतिथि पर शनिवार 6 जुलाई को सर्मथको, कूर्मि सामाज के व्यक्तियो, वरिष्ठ जनो, ग्राम चोरभटटी (किरारी) के निवासियो, सामाजिक कार्यकताओ और छत्तीसगढिया सामाज के लोगों द्वारा स्मरण किया गया। छत्तीसगढ़ कूर्मि सामाज, छत्तीसगढिया कनौजिया कूर्मि सामाज के वरिष्ठ व्यक्तियो एवं कनौजिया कूर्मी एकता मंच के सदस्यों द्वारा उनहे भावभिनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उन्हे याद करने वालों में उन पर पुस्तक रचियिता डी.डी. महंत, वरिष्ट छत्तीसगढ़िया कवि व लेखक श्री सुशील भोले, डॉ. शारदा कश्यप, अरविंद पाण्डेय, रामाधार देवांगन, अरविंद कश्यप, जानकीराम कश्यप, रामानुज कश्यप, हीराराम राजवाडे, शरद कुम्भज, संतोष कश्यप (बोइरदा), संतोष कश्यप (कैथा), विश्वामित्र कश्यप, कमल कश्यप, छत्तीसगढिया कवि ईश्वर कश्यप (किरारी), शिक्षाविद विष्णु कश्यप, वरिष्ठ नागरिक एंव मित्र रामभरोस कैवर्त्य (अकलतरा) सत्येद्र कश्यप, जगतराम कश्यप, पी.एल. कौशिक, सुरेश कौशिक (यंत्री, सीएसपीडीसीएल) राजेन्द्र कश्यप, पितांबर कश्यप, जितेश कश्यप तथा अन्य शामिल थे।

## विद्यार्थियों को बेहतर अंग्रेजी सिखाने शिक्षकों का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद रायपुर एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जांजगीर के निर्देशानुसार, विकासखण्ड शिक्षा विभाग के मार्गदर्शन में प्राथमिक विद्यालयों के

- पांच दिवसीय विकास खण्ड स्तरीय स्पोकन इंग्लिश प्रशिक्षण का आयोजन किया गया

शिक्षकों को अंग्रेजी सीखने-सिखाने एवं बोलने के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण बीआरसी के प्रशिक्षण हॉल में 2 जुलाई से 6 जुलाई तक आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्राथमिक स्तर के बच्चों में अंग्रेजी बोलने के कौशल को सृजित करना था। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए मास्टर ट्रेनर्स ज्योत्सना गुप्ता एवं निकिता सिंह चंदेल ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से शिक्षकों को अंग्रेजी बोलने का अभ्यास कराया। बीईओ श्रीमती रत्नमाला सिंह, बीआरसी शैलेन्द्र सिंह बैस, एवं डाइट के नोडल अधिकारी भी इस प्रशिक्षण में शामिल हुए। उन्होंने अंग्रेजी भाषा और विषय के महत्व को शिक्षकों के समक्ष रखा और उन्हें अंग्रेजी सीखने व पढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा, कक्षाओं में सफल क्रियान्वयन हेतु निर्देश भी दिए गए। शिक्षकों ने पूरी रुचि के साथ गतिविधियों में भाग लिया प्रशिक्षण के दौरान सभी प्रशिक्षार्थी मास्टर ट्रेनर्स आपस में अंग्रेजी में ही वार्तालाप और फीडबैक प्रस्तुतीकरण कर रहे थे। उन्हें निर्देशित किया गया कि कक्षा में अंग्रेजी विषय पढ़ाते समय अधिकतर अंग्रेजी में भी बोलने का प्रयास किया जाए। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से शिक्षकों को अंग्रेजी में बातचीत करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण में शाला में और बच्चों के साथ अंग्रेजी पढ़ने-लिखने के लिए कैसे गतिविधियां की जाएं, इस पर भी शिक्षकों के साथ विस्तार से चर्चा की गई। शिक्षण में शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि यह प्रशिक्षण उनके लिए काफी लाभदायक साबित हुआ। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण से न केवल उनकी अंग्रेजी बोलने की क्षमता में सुधार हुआ है, बल्कि वे अब अपने विद्यार्थियों को भी अंग्रेजी में बातचीत करने के लिए प्रेरित कर सकेंगे। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षार्थियों ने इस प्रकार के और भी प्रशिक्षण कार्यक्रमों की आवश्यकता पर जोर दिया ताकि वे अपने विद्यार्थियों को बेहतर तरीके से अंग्रेजी सिखा सकें। प्रशिक्षण के आयोजन में अज़ीम प्रेमजी फ़ाउंडेशन का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।



उपस्थित शिक्षक, मास्टर ट्रेनर एवं अन्य।

## जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया याद

**बाराद्वार।** भारतीय जनता पार्टी बाराद्वार मंडल में जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म दिवस शनिवार 6 जुलाई को मंडल के शक्ति केंद्र ग्राम पंचायत किरारी में बैठक आयोजित कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई। सर्वप्रथम मंडल अध्यक्ष संतोष राठौर सहित उपस्थित पदाधिकारियों ने उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनके जीवन परिचय को विस्तार से बताया गया। इसके पश्चात भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर एक पेड़ मां के नाम के तहत वृहद वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर मंडल महामंत्री द्वय दीपक ठाकुर, गेंदराम मनहर, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गजेन्द्र राठौर, युवा मोर्चा मंडल महामंत्री गोविंदा साहू, पार्षद अजय सिंह राजपूत सहित बूथ अध्यक्ष गण, शक्ति केंद्र प्रभारी,सह प्रभारी सहित कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।



श्रद्धा सुमन अर्पित करते मंडल के पदाधिकारी।

## रामाधार ने केंद्रीय मंत्री गडकरी से की मुलाकात

**बहेराडीह।** केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को नागपुर के एक कार्यक्रम में केंद्रीय रेशम बोर्ड तसर अनुसंधान वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार के सलाहकार रामाधार देवांगन ने देश का पहला किसान स्कूल वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह परिवार की ओर से अलसी के रेशे से निर्मित शाल भेंट किया। मुलाकात के दौरान श्री देवांगन ने पुरानी यादें को याद दिलाते हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को बताया कि 22 सितंबर 2018 को जिला मुख्यालय के खोखरा स्थित पुलिस ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आपके मौजूदगी में बलौदा ब्लॉक के सिवनी के किसानों द्वारा कृषि अवशेष अलसी के रेशे से निर्मित शाल और बहेराडीह, कोसमन्दा के किसानों व महिला समूह के द्वारा केले के रेशे से जैकेट भेंट किया गया था। रामाधार देवांगन द्वारा पुरानी यादें को ताजा करते हुए जैसे ही अपने मोबाइल पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कोसा कांसा कंचन की नगरी में अनूठी भेंट वाली फोटो दिखाया। वैसे ही खुशी से केंद्रीय मंत्री ने जिले के नवाचारी प्रगतिशील राष्ट्रीय पुरुष्कार से सम्मानित कृषक रामाधार देवांगन को गले लगा लिया और किसान स्कूल परिवार को अपने निवास पर आने आग्रह करते हुए किसान स्कूल बहेराडीह को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। वहीं बुनकरों की समस्या को लेकर भी चर्चा किया।




## गुरूकुल इंटरनेशनल स्कूल में छात्र संघ का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

गुरूकुल इंटरनेशनल स्कूल जांजगीर में शनिवार 6 जुलाई लोकतांत्रिक प्रणाली से छात्र संघ का गठन किया गया। जिसके अंतर्गत छात्र-छात्राओं को अलग अलग चार सदनों में आबंटित किया है - अर्जुन सदन, एकलव्य सदन, अभिमन्यु सदन तथा कर्ण सदन। साथ ही इन चारों सदनों के संरक्षण एवं संचालन का कार्यभार शिक्षक शिक्षिकाओं को दिया गया।

इस स्वस्थ एवं पारदर्शी प्रत्यक्ष चुनाव प्रक्रिया में विजित एवं सफल छात्र सैनिकों तथा पदाधिकारियों का शपथग्रहण समारोह, उपाध्यक्ष सतीश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विजय अग्रवाल एवं सचिव दीपक राठौर के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। प्राप्त नामांकन पत्रों की जांच पड़ताल करने के बाद 3 जुलाई को मतदान कराया गया। मतदान में कक्षा छठवीं से लेकर कक्षा बारहवीं तक के विद्यार्थी सम्मिलित हुए। जिन्होंने स्वतंत्रता पूर्वक अपनी सूझ-बूझ एवं स्वविवेक से मतदान किया। मतदान के दूसरे दिन को प्राचार्य के नेतृत्व तथा छात्र संघ प्रभारी ई.सुधाकर राव के निर्देशन में वोटों की गिनती हुई तथा परिणाम घोषित किया गया। गुरूकुल इंटरनेशनल स्कूल के छात्र सैनिकों एवं पदाधिकारियों में हेड ब्वाय -अंबिकेश राठौर, हेड गर्ल -मिष्टी राठौर, वाइस कैप्टन ब्वाय- आदर्श पटेल, वाइस कैप्टन गर्ल -मान्या साहू, प्रेसिडेंट क्यूज सोसायटी ब्वाय -रिषिक मिश्रा, प्रेसिडेंट क्यूज सोसायटी गर्ल -निकिता देवांगन, प्रेसिडेंट कल्चरल सोसायटी ब्वाय -हर्षवर्धन राठौर, प्रेसिडेंट कल्चरल सोसायटी गर्ल -मेघा अग्रवाल, प्रेसिडेंट एडीटोरियल बोर्ड ब्वाय -प्रियांक प्रजापति, प्रेसिडेंट एडीटोरियल बोर्ड गर्ल - करूणा लहरे, डायरेक्टर इन्वायरनमेंट क्लब ब्वाय -अनंत पालीवाल, डायरेक्टर इन्वायरनमेंट क्लब गर्ल -आस्था पालीवाल, हेड डीसीप्लीन स्क्वाड ब्वाय -उदय अग्रवाल, हेड डीसीप्लीन स्क्वाड गर्ल -पीहू गर्ग, स्पोर्ट कैप्टन ब्वाय -अनीश रत्नाकर, स्पोर्ट कैप्टन गर्ल -इश्वीथा सतरायन कोय्यडा, स्पोर्ट वाइस कैप्टन ब्वाय -आयुष्मान पटेल, स्पोर्ट वाइस कैप्टन गर्ल -स्वरा अग्रवाल, मेश सेक्रेटरी ब्वाय -ओम शुक्ला को बनाया गया है।




उपस्थित छात्र-छात्राएं एवं स्कूल स्टाफ।

प्रशिक्षण एवं जांच शिविर में आठ जिले के 118 स्काउट्स गाइड हो रहे शामिल

## स्काउटिंग की मूलभूत जानकारी एवं शिविर उद्देश्य से हुए रुबरु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हसौद

जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा में पांच दिवसीय भारत स्काउट एवं गाईड प्रशिक्षण एवं जांच शिविर का आयोजन 5 से 9 जुलाई तक किया गया है। इसमें आठ जिले सक्ती, बिलासपुर, कोरबा, सूरजपुर,रायगढ़, महासमुंद,कोरिया एवं जशपुर से कुल 118 स्काउट्स एवं गाइड्स प्रतिभागी के रूप में अपने प्रभारी शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

प्रथम दिवस शिविर संचालक प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा ए. बी.सक्सेना द्वारा सत्र का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं आशीर्वचन के साथ किया गया। भा. स्कॉ. गा. ध्वजारोहण के पश्चात प्रथम दिवस के शिक्षण सत्र का शुभारंभ सोपान परिचय के साथ हुआ जिसमे स्काउट गाइड दलों का समूह विभाजन कर स्काउटिंग की मूलभूत जानकारी तथा शिविर उद्देश्य के साथ स्काउट गाइड के उद्देश्य ,सिद्धांत, प्रतिज्ञा, नियम, प्रार्थना, झंडा गीत, आंदोलन का परिचय, शाखाएं, सैल्यूट, साईन, लेफ्ट हैंड शेक,यूनिफॉर्म परिचय,कैंप फायर पर सत्र आयोजित किए गए। प्रथम दिवस का समापन कैंप फायर में प्रादेशिक लोकगीतों की मनमोहक प्रस्तुति के साथ किया गया। शिविर के द्वितीय दिवस प्रातः कालीन बी. पी. सिक्स व्यायाम , गाइड विंग द्वारा ध्वज शिष्टाचार एवं प्रशिक्षकों द्वारा टोली निरीक्षण के साथ सत्र का शुभारंभ स्काउट गाइड आंदोलन की जानकारी, स्काउटिंग का इतिहास ,ध्वजों का विवरण,प्राथमिक उपचार तथा प्रथम सोपान के समस्त गांठों का विस्तृत प्रस्तुतिकरण कर समूहों में अभ्यास कार्य कराया गया। द्वितीय सत्र के प्रारंभ में एसडीए जांच सत्र का आयोजन किया गया, तत्पश्चात स्ट्रेचर एवं विविध पट्टियों का प्रयोग सिखाया गया। रविवार 7 जुलाई को विद्यालय में स्काउट और गाइड की टीम द्वारा एक विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत एक पौधा, जिसे मां के नाम पर समर्पित किया गया और विद्यालय परिसर में रोपा गया। प्रशिक्षक टीम श्रीमती कमलादपि गवेल जिला सचिव, आर एन सायतोड़ा जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्कॉउट, खगेश भारद्वाज जिला सह सचिव, श्रीमती रंजिता, चंद्रकांत राठिया, सुश्री सुनीता चौहान, डॉ मनीष चंद शर्मा, मणिकांत सिंह 5 दिवसीय तृतीय सोपान प्रशिक्षण एवं जांच शिविर में अपनी सेवाएं दे रहें हैं।



उपस्थित स्काउट्स एवं गाइड।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल प्रांगण में लगाए गए पौधे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पामगढ़

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शनिवार 6 जुलाई को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पामगढ़ में पौधरोपण किया गया। इसमें स्कूल के सभी छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चो के अलावा स्कूल के प्राचार्य श्रीमती एन जे एक्का और अन्य शिक्षकगण द्वारा भी उत्साह पूर्वक पौधरोपण का कार्य कर पर्यावरण संरक्षण के दिशा में सभी को प्रेरित किया गया।